रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 4
PART II—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 06] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 17, 2014/आश्विन 25, 1936
No. 06] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 17, 2014/ASVINA 25, 1936

रक्षा मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 अक्तूबर, 2014

का.नि.आ. 7(अ).—केन्द्रीय सरकार, छावनी निर्वाचन नियम 2007 के नियम 3 के खण्ड (घ) तथा नियम 5 के उप-नियम (3) के अनुसरण तथा भारत के राजपत्र, असाधारण भाग-II, खंड 4 में प्रकाशित भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय की अधिसूचना का.नि.आ. संख्यांक 8 (ई) तारीख 21 नवम्बर, 2007, जहाँ तक की उनका सम्बन्ध अजमेर छावनी बोर्ड से है, का.नि.आ. संख्यांक 10 (ई) तारीख 23 नवम्बर, 2007, जहाँ तक की उनका सम्बन्ध क्लेमेंट टाउन छावनी बोर्ड से है, का.नि.आ. संख्यांक 10 (ई) तारीख 13 नवम्बर 2007, जहाँ तक कि उनका सम्बन्ध देहरादून छावनी बोर्ड से है, का.नि.आ. संख्यांक 7 (ई) तारीख 13 नवम्बर, 2007, जहाँ तक कि उनका सम्बन्ध देवलाली छावनी बोर्ड से है, का.नि.आ. संख्यांक 7 (ई) तारीख 13 नवम्बर, 2007, जहाँ तक कि उनका सम्बन्ध नसीराबाद छावनी बोर्ड से है, को उन बातों के सिवाय, अधिक्रान्त करते हुए जिन्हें इस अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, छावनियों के वार्डों और नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ (2) में यथा उपदर्शित छावनी के सम्बन्ध में अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित वार्डों में विभाजन के लिए, उसके स्तम्भ (3) में यथा उपदर्शित वार्डों की कुल संख्या और उक्त सारणी के क्रमशः स्तम्भ (4) और (5) में यथा उपदर्शित वार्डों तथा उक्त सारणी के क्रमशः स्तम्भ (6) और (7) में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित वार्डों की संख्या और सीमाएँ विनिर्दिष्ट करते हुए, अंतिम योजना अधिसूचित करती है; अर्थात् :-

सारणी

क्रम संख्या	छावनी का नाम	वार्डों की कुल संख्या	वार्ड संख्या	वार्डों की सीमाएं	अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित वार्ड	अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित वार्ड
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	अजमेर	6	1	**उत्तर-पूर्वः-** इस वार्ड की सीमा सर्कुलर रोड तथा मेंन रोड पलटन बाजार के जंक्शन से शुरू होती है तथा छावनी बोर्ड कार्यालय के निकट 43 मीडियम रेजीमेंट तक मेंन रोड पलटन बाजार के साथ-साथ उत्तर-पूर्व की ओर चली जाती है। तत्पश्चात यह नाले की पुलिया के साथ-साथ दक्षिण की ओर मुड़ जाती है। यहां से यह सिविल एरिया स्तम्भ संख्या 4 तक उत्तर-पूर्व की ओर घूम जाती है। **दक्षिण-पूर्वः-** इस वार्ड की सीमा सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 4 से दक्षिण-पूर्व दिशा में सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 5 तक जाती है तथा इसके बाद यह उत्तर-पूर्व की ओर मुड़कर सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 6 तक चली जाती है। इसके पश्चात यह सीमा दक्षिण-पूर्व की ओर होते हुए सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 7 मकान नं. 88 जो सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 7 तथा सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 8 के बीच स्थित है, तक चली जाती है। इसके पश्चात यह सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 41 तक दक्षिण दिशा में चली जाती है। **पश्चिमः-** यह सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 41 से पश्चिम की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 42 तक चली जाती है तथा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 43, 44 से होते हुए उत्तर की ओर छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 45 तक चली जाती है इसके पश्चात यह दोबारा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 46 तक पश्चिम की ओर मुड़ जाती है। **उत्तर-पश्चिमः-** यह सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 46 से पश्चिम-उत्तर की ओर चली जाती है तथा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 47, 48 तथा 49 से होते हुए उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर सर्कुलर रोड तथा मेंन रोड पलटन बाजार के जंक्शन तक उस स्थान तक चली जाती है जहां से यह शुरू हुई थी।	IV और VI	-
			2	**उत्तर-पूर्वः-** यह सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 12 से शुरू होती है तथा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 13 तथा 14 से होते हुए तथा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 15 तक उत्तर-पूर्व दिशा में चली जाती है। उसके पश्चात यह बरसाती नाले तक दक्षिण की ओर चली जाती है। **दक्षिण-पश्चिमः-** यह सीमा मस्जिद रोड की पश्चिम दिशा तथा सैनिक स्कूल की दक्षिण-पश्चिम दिशा के साथ-साथ बरसाती नाले से सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 10 तक जाती है। यहां से यह सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 11 के पश्चिम-उत्तर की ओर	-	-

				चली जाती है तथा यहां से यह सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 12 तक पश्चिम की ओर जाती है। सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 12 से सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 13 तक यह दक्षिण की ओर चली जाती है तथा मस्जिद रोड से पार होते हुए मेंन रोड पलटन बाजार तक चली जाती है। इस स्थान से यह सीमा मेंन रोड पलटन बाजार के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए मेंन रोड पलटन बाजार तथा सर्कुलर रोड के जंक्शन पर चली जाती है तथा सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 50 के निकट पहुच जाती है। **उत्तर-पश्चिमः-** छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 50 से यह उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 51 तक चली जाती है तथा इसके आगे यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 52 तक उत्तर-पूर्व की ओर चली जाती है। छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 52 से यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 53 तक पश्चिम की ओर चली जाती है इसके बाद यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 1 तक दक्षिण-पश्चिम की ओर चली जाती है तथा इसके पश्चिम की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 2 तक चली जाती है। छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 2 से यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10 तथा 11 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 12 तक उत्तर-पूर्व दिशा में उस स्थान पर जा पहुंचती है जहां से यह शुरू हुई थी।		
			3	**उत्तरः-** इस वार्ड की सीमा मस्जिद रोड तथा बरसाती नाले के जंक्शन से शुरू होती है तथा यह मकान नं. 70, जो कि वार्ड नं. 3 में पडता है, के निकट उत्तर दिशा के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व की ओर मकान नं. 57, जो की छोटा वार्ड नं. 3 में है, के उत्तरी किनारे के निकट मेंन रोड पलटन बाजार तक चली जाती है **दक्षिण-पश्चिमः-** मकान नं. 57 के उत्तरी किनारे से यह मेंन रोड पलटन बाजार के साथ-साथ मकान नं. 31, जो की वार्ड नं. 3 में है, तक दक्षिण-पश्चिम में चली जाती है तथा यह मेंन रोड पलटन बाजार तथा मस्जिद रोड के जंक्शन तक पश्चिम दिशा की ओर मुड़ जाती है। **उत्तर-पूर्वः-** सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 13 तक यह सीमा मेंन रोड पलटन बाजार तथा मस्जिद रोड के जंक्शन तक उत्तर-पूर्व में चली जाती है। यहां से यह उत्तर-पश्चिम की ओर मुड़ जाती है तथा सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 12 तक चली जाती है यहां से यह दोबारा उत्तर-पूर्व का रूख करते हुए सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 11 तक चली जाती है यहां से यह दक्षिण की ओर मुड़ जाती है तथा सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 10 तक जा पहुंचती है। दोबारा यह उत्तर-पूर्व की ओर होते मस्जिद रोड तथा बरसाती नाले के जंक्शन के साथ-साथ उस स्थान तक चली जाती है जहां से यह शुरू हुई थी।	-	-
			4	**उत्तर-पूर्वः-** वार्ड नं. 4 की सीमा मकान नं. 31, जो की वार्ड नं. 3 में है, के पूर्वी किनारे के सामने मेंन रोड पलटन बाजार से शुरू होती है। यहां से यह उत्तर-पूर्व दिशा में मेंन रोड, पलटन बाजार के पूर्वी किनारे के साथ-साथ मकान नं. 11, जो वार्ड नं. 4 में है, के पूर्वी किनारे तक चली जाती है।	-	-

				पूर्वः- मकान नं. 11 के पूर्वी किनारे से इस वार्ड की सीमा पूर्व दिशा में मकान नं. 114, जो की वार्ड नं. 4 में है, के पूर्वी किनारे तक जाती है। **दक्षिण-पश्चिमः-** यह सीमा मकान नं. 114 के पूर्वी किनारे से दक्षिण-पश्चिम की ओर चली जाती है तथा थोडा सा पश्चिम की ओर मुड़ जाती है दोबारा यह पश्चिम की ओर होते हुए मकान नं. 16, जो की वार्ड नं. 4 में है, तक चली जाती है। यहां से यह पश्चिम दिशा में मकान नं. 18 तक चली जाती है। यहां से इस वार्ड की सीमा दोबारा मकान नं. 30 के तक पश्चिम की ओर घूम जाती है तथा यहां से यह उत्तर-पश्चिम की ओर होते हुए मेंन रोड पलटन बाजार पर मकान नं. 31 के पश्चिमी किनारे तक चली जाती है।		
			5	**उत्तर-पूर्वः-** इस वार्ड की सीमा मेंन रोड पलटन बाजार तथा 43 मीडियम रेजिमेंन्ट रोड के जंक्शन से शुरू होती है यहां से यह सीमा पूर्व की ओर मकान नं. 31, जो की वार्ड नं. 3 में है, मेंन रोड पलटन बाजार की पश्चिम दिशा के साथ-साथ मकान नं. 31 के दक्षिणी किनारे के दक्षिण की ओर मकान नं. 124 तक चली जाती है। **पूर्वः-** यहां से यह सीमा उत्तर-पूर्व की ओर होते हुए मकान नं. 116, जो की वार्ड नं. 5 में है, तक चली जाती है। **दक्षिण-पूर्वः-** यहां से यह सीमा मकान नं. 88, जो की सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 7 तथा 8 के बीच में है, तक दक्षिण-पूर्व की ओर चली जाती है। **दक्षिण-पश्चिमः-** मकान नं. 88 से यह दक्षिण-पश्चिम की ओर होते हुए सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 7 तक पहुंचती है। यहां से यह पश्चिम की ओर सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 6 तक चली जाती है। यहां से यह दोबारा यह सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 5 तक पश्चिम की ओर चली जाती है तथा दोबारा पश्चिम की ओर होते हुए सिविल एरिया सीमा स्तम्भ संख्या 4 तक पहुंचती है इसके बाद यह दोबारा पश्चिम की ओर होते हुए 43 मीडियम रेजीमेंन्ट तक पहुंचती है तथा यहां से यह उत्तर की ओर होते हुए 43 मिडीयम रेजीमेंन्ट तथा पलटन बाजार के मेंन रोड के जंक्शन तक उस स्थान पर जा पहुंचती है जहां से यह शुरू हुई थी।	-	-
			6	**उत्तर-पूर्वः-** इस वार्ड की सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 21 से शुरू होकर उत्तर-पूर्व दिशा में चली जाती है तथा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 तथा 33 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 34 तक पहुंचती है। **दक्षिणः-** छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 34 से यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 35 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 36 तक पहुंचती है। **दक्षिण-पश्चिमः-** यह सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 36 से पश्चिम की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 37 तक जा पहुंचती है	-	-

				यहां से यह दक्षिण की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 38, 39, 40 को पार करते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 41 पर जा पहुंचती है। **उत्तर-पश्चिमः-** छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 41 से यह उत्तर-पश्चिम की ओर होते हुए मकान नं. 109, जो वार्ड नं. 6 में है, तक चली जाती है। यहां से यह उत्तर-पूर्व की ओर होते हुए मकान नं. 8, जो वार्ड नं. 6 में है, तक चली जाती है। यहां से यह सीमा पश्चिम-उत्तर की ओर होते हुए मेंन रोड पलटन बाजार तक चली जाती वहां से यह उत्तर की ओर होते हुए बरसाती नाले में जा मिलती है। **उत्तर-पूर्वः-** यह सीमा बरसाती नाले से उत्तर-पूर्व दिशा में होते हुए बरसाती नाले के साथ-साथ उत्तर की ओर चली जाती है तथा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 15 पर जा पहुंचती है। यहां से यह सीमा उत्तर की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 16 तक जाती है। यहां से यह उत्तर-पूर्व की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 17 तक पहुंचती है तथा यहां से यह उत्तर-पश्चिम की ओर छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 18 तथा 19 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 20 पर जा पहुंचती है। यहां से यह उत्तर-पूर्व दिशा की ओर छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 21 के उस स्थान पर पहुंचती है जहां से यह शुरू हुई थी।		
2	क्लेमेंन्ट टाऊन	7	1	**अनुसूची 1 – वार्ड नं. 1** इस वार्ड की सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 66 से शुरू होती है इसके बाद छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 65, जहां छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 64 के निकट छावनी सीमा मोरोवाला रोड से मिलती है छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 65 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 64 के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व की ओर चली जाली है यहां से यह मोरोवाला रोड तथा लेन नं. 12 के जंक्शन तक मोरोवाला रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर चली जाती है। इसके पश्चात यह सीमा लेन नं. 12, टर्नर रोड तथा भारूवाला-मोरोवाला रोड (निकट छावनी ग्रुप शौचालय) के जंक्शन तक लेन नं. 12, टर्नर रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ चली जाती है, तत्पश्चात यह कैण्ट कुए के पास बारा भारूवाला रोड तथा मोरोवाला-भारूवाला रोड के जंक्शन तक बारा भारूवाला-मोरोवाला रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व की ओर चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा डकौता रोड तथा बारा भारूवाला रोड के जंक्शन तक बारा भारूवाला रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर चली जाती है। तत्पश्चात यह टर्नर रोड, डकौता रोड तथा छावनी रोड के जंक्शन तक डकौता रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ पश्चिम दिशा में चली जाती है। तत्पश्चात यह छावनी सीमा तक टर्नर रोड के पूर्वी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में चली जाती है। इसके बाद यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 74, 73, 72, 71, 70, 69, 68 तथा 67 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 66 तक छावनी सीमा के साथ-साथ उत्तर-पूर्व दिशा में उस स्थान पर आ पहुंचती है जहां से यह शुरू हुई थी।	-	-

			2	**अनुसूची 2 – वार्ड नं. 2** इस वार्ड की सीमा डकौता रोड, छावनी रोड तथा टर्नर रोड के तिराहे से शुरू होती है। यहां से यह सीमा छावनी सीमा तक टर्नर रोड के पूर्वी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम की ओर चली जाती है। यहां से यह सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 75, 76, 77, 78, 79, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87, 88, 89, 90, 91, 92, 93, 94, 95, 96 तथा 97 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ सं. 98 छावनी सीमा के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम में चली जाती है। तत्पश्चात यह मकान नं. 93, सोसाईटी एरिया के निकट, जहां नाला डाकघर को क्रॉस करता है, के दक्षिण-पूर्व दिशा में चली जाती है। इस स्थान से यह सीमा नाले के उत्तरी किनारे के साथ-साथ पूर्वी दिशा में उस स्थान तक चली जाती है जहां यह छावनी रोड में मिलती है। इसके पश्चात यह सीमा छावनी रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पूर्व दिशा में छावनी रोड, टर्नर रोड तथा डकौता रोड के तिराहे पर उस स्थान पर जा मिलती है जहां पर इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ हुई थी।	-	-
			3	**अनुसूची 3 – वार्ड नं. 3** इस वार्ड की सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 110 से प्रारम्भ होती है तथा छावनी सीमा के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 109, 108, 107, 106, 105, 104, 103 तथा 102 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 101 तक छावनी सीमा के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम की ओर चली जाती है। इसके बाद यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 100 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 99 तक छावनी सीमा के साथ-साथ उत्तर-पूर्व की ओर चली जाती है। तत्पश्चात यह मकान नं. 93, सोसाईटी एरिया के निकट, जहां नाला डाकघर को क्रॉस करता है, तक डाकघर रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व दिशा में चली जाती है। इसके बाद यह सीमा नाले के छावनी रोड पार करने के स्थान तक नाले के उत्तरी किनारे के साथ-साथ पूर्वी दिशा में चली जाती है। यहां से यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 110 के निकट छावनी सीमा तक छावनी रोड तथा एयरफोर्स रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम दिशा में उस स्थान पर चली जाती है जहां से इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ हुई थी।	-	-
			4	**अनुसूची 4 – वार्ड नं. 4** इस वार्ड की सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 110 से प्रारम्भ होती है इसके पश्चात यह छावनी रोड, डकौता रोड तथा टर्नर रोड के तिराहे तक वायुसेना रोड तथा छावनी रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पूर्व दिशा में चली जाती है। यहां से यह डकौता रोड तथा छोटा भारूवाला रोड के जंक्शन तक डकौता रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ पूर्व की ओर चली जाती है। इस स्थान से यह औषली रोड तथा छोटा भारूवाला रोड के जंक्शन तक छोटा भारूवाला रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ चली जाती है। यहां से यह सीमा बिन्दाल नदी तक औषली रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पूर्व दिशा में चली जाती है वहां से उस स्थान तक बिन्दाल नदी के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व दिशा में उस स्थान तक चली जाती है जहां पम्प हाउस रोड बिन्दाल नदी को क्रॉस करता है। तत्पश्चात यह डकौता रोड तथा मिलिट्री	-	-

				इन्जनियरिंग सर्विस रोड के जंक्शन तक पम्प हाऊस रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ पश्चिम की ओर चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा सर्वे नं. 54 के दक्षिणी किनारे पर क्वार्टर डैक रोड तथा मिलिट्री इन्जनियरिंग सर्विस रोड के जंक्शन तक मिलिट्री इन्जनियरिंग सर्विस रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ चली जाती है। इस वार्ड की सीमा गोरखा रोड तथा क्वार्टर डैक रोड के जंक्शन तक क्वार्टर डैक रोड के पूर्वी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में चली जाती है। इसके बाद यह सर्वे सं. 55 के पश्चिमी किनारे पर स्थित मिलिट्री इन्जनियरिंगसर्विस रोड तथा गोरखा रोड के जंक्शन तक गोरखा रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम दिशा में चली जाती है। इसके बाद इस वार्ड की सीमा मिलिट्री ईन्जनियरिग सर्विस रोड के दक्षिणी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व दिशा में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 118 तक चली जाती है। इसके बाद इस वार्ड की सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 117, 116, 115, 114, 113, 112 तथा 111 से होते हुए छावनी सीमा के साथ-साथ छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 110 तक उस स्थान पर जा पहुंचती है जहां से यह शुरू हुई थी।		
			5	**अनुसूची 5 – वार्ड नं. 5** इस वार्ड की सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 122 से शुरू होती है। यहां से यह सीमा छावनी सीमा के साथ-साथ पश्चिम दिशा में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 121, 120 तथा 119 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 118 तक चली जाती है इसके बाद यह एमईएस रोड के दक्षिणी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में सर्वे नं. 55 के पश्चिमी किनारे पर स्थित एमईएस रोड तथा गोरखा रोड के जंक्शन तक जाती है। इसके बाद यह गोरखा रोड तथा क्वार्टर डैक रोड के जंक्शन तक गोरखा रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पूर्व दिशा में चली जाती है। तत्पश्चात यह क्वार्टर डैक रोड के पूर्वी किनारे के साथ-साथ सर्वे नं. 54 के दक्षिणी किनारे पर स्थित क्वार्टर डैक रोड तथा एमईएस रोड के जंक्शन पर जा पहुंचती जाती है तत्पश्चात यह एमईएस रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ डकौता रोड तथा एमईएस रोड के जंक्शन तक जाती है। इसके बाद यह सीमा पम्प हाऊस रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ उस स्थान पर जा पहुंचती है जहां बिन्दाल नदी है इसके बाद यह छावनी सीमा स्तम्भ सं. 122 तक बिन्दाल नदी के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ दक्षिण की ओर चली जाती है। यहां से यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 123, 124, 125, 126, 127, 128, 129 तथा 130 से होते हुए दक्षिण दिशा में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 131 तक जाती है। इसके पश्चात यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 132 से होते हुए छावनी सीमा के साथ-साथ पूर्वी दिशा में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 133 तक चली जाती है। यहां से यह सीमा सुसवा नदी के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ उत्तर दिशा में कच्चा रोड तथा तत्पश्चात छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 122 के निकट कच्चा रोड के पूर्वी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में चली जाती है। इसके बाद यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 122 तक पश्चिम दिशा में उस स्थान तक चली जाती है जहां से इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ हुई थी।	-	-
			6	**अनुसूची 6 – वार्ड नं. 6** इस वार्ड की सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 122 से शुरू होती है। यहां से यह बिन्दाल नदी के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ छावनी	-	-

				सीमा स्तम्भ संख्या 62 तक चली जाती है तत्पश्चात यह सीमा छावनी सीमा के साथ-साथ पूर्वी दिशा में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 61, 60, 59, 58, 57, 56, 55, 54, 53, 52, 51, 50, 49, 48, 47, 46, 45, 44, 43, 42, 41, 40 तथा 39 को पार करते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 38 तक चली जाती है। यहां से यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 37, 36, 35, 34, 33, 32, 31, 30, 29, 28, 27, 26, 25, 24, 23, 22, 21, 20, 19, 18, 17, 16, 15, 14, 13, 12, 11, 10, 9, 8, 7, 6, 5, 4, 3, 2, 1, 142, 141, 140, 139, 138, 137, 136, 135 तथा 134 को पार करते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 133 तक चली जाती है। यहां से यह सुसवा नदी यह छावनी सीमा से जा मिलती है। यहां से यह सीमा छावनी सीमा के साथ-साथ छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 122 तक उस स्थान पर चली जाती है जहां से यह वार्ड आरम्भ हुआ था।		
			7	**अनुसूची 7 – वार्ड नं. 7** इस वार्ड की सीमा उस स्थान से शुरू होती है जहां औषली रोड बिन्दाल नदी पर जा कर मिलता है। यहां से यह सीमा औषली रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर औषली रोड तथा छोटा भारूवाला रोड के जंक्शन पर जा मिलती है। तत्पश्चात यह छोटा भारूवाला रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में छोटा भारूवाला रोड तथा डकौता रोड के जंक्शन पर जा पहुंचती है। इसके बाद यह सीमा डकौता रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ पश्चिमी दिशा में डकौता रोड तथा बारा भारूवाला रोड के जंक्शन तक जाती है। यहां से यह सीमा बारा भारूवाला रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पूर्व की ओर छावनी कुँए के निकट बारा भारूवाला रोड तथा मोरोवाल-भारूवाला रोड के जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात बाद यह सीमा भारूवाला-मोरोवाला रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में लेन नं. 12, टर्नर रोड तथा भारूवाला-मोरोवाला रोड (निकट छावनी ग्रुप शौचालय) के जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा लेन नं. 12 टर्नर रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में मस्जिद के निकट लेन नं. 12, टर्नर रोड तथा मोरोंवाला रोड के जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा मोरोंवाला रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ उत्तर-पूर्व दिशा में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 64 पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 63 को पार करते हुए दक्षिण-पूर्व में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 62 तक चली जाती है। इसके बाद यह बिन्दाल नदी के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व दिशा में उस बिन्दु पर चली जाती है जहां औषली रोड इसमें आ कर मिलता है तथा जहां से इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ होती है।	-	-
3.	डलहौजी	6	1	वार्ड नं. 1 की सीमा टैगोर चौक से प्रारम्भ होती है तथा दक्षिण-पश्चिम की ओर मुड़ते हुए सड़क के साथ-साथ पुलिस चौकी के निकट जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह पश्चिम की ओर भुल्लापार्क तथा रेन शेल्टर के सामने से गुजरते हुए मनकोट तक जाती है। इसके बाद इस वार्ड कि सीमा उत्तर-पूर्व की ओर घूम जाती है तथा बतियां मौहल्ला के पूर्व के शॉर्टकट की ओर के जंक्शन पर जा पहुंचती है। इसके बाद यह सीमा सड़क के साथ-साथ उत्तर दिशा में होते हुए सुर्खीगाला शॉर्टकट तथा रोड के जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात इस वार्ड की सीमा दक्षिण-पूर्व दिशा में शॉर्टकट के साथ-साथ एसईएस क्वार्टर नं. 43 तथा 46 से गुजरते हुए जूनियर	-	-

				कमीशन ऑफीसर मैस के जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह सड़क के साथ-साथ पूर्वी दिशा में होते हुए चिल्ड्रन पार्क के सामने आरामील के रोड के जंक्शन पर जा पहुंचती है। इसके बाद यह सीमा पोस्ट ऑफिस गुरूद्वारा रोड के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम दिशा में होते हुए वाल्मीकी मन्दिर तथा डाकघर के सामने से गुजर कर वार्ड के प्रारम्भिक स्थान अर्थात टैगोर चौक पर जा कर समाप्त हो जाती है। इस वार्ड की महत्वपूर्ण जगह भुल्लापार्क, हरिजन कॉलोनी, खुद एरिया क्वार्टर, बाल कल्याण केन्द्र, वाल्मीकी मन्दिर, डाकघर तथा रोमन कैथॉलिक चर्च है।		
			2	वार्ड नं. 2 की सीमा टैगोर चौक से प्रारम्भ होती है तथा यह राष्ट्रीय कैडिट कोर के भवन कार्यालय के सामने से होती हुई पूर्वानी रोड के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व दिशा में पूर्वानी के निकट सड़क जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात इस वार्ड की सीमा पूर्व की ओर होते हुए तथा मकान नं. 2 तथा 6 के बीच से गुजरते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 101 तक जाती है। यहां से यह सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 102, 103, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60 से होते हुए दक्षिण-पश्चिम दिशा में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 61 तक जा पहुंचती है। यहां से यह उत्तर-पूर्व की ओर होते हुए सीमा स्तम्भ संख्या 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80 तथा 81 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 82 तक जाती है। सीमा स्तम्भ सं. 82 से यह सुर्खीगाला शॉर्टकट के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए सड़क तथा शॉर्टकट के जंक्शन पर पहुंचती है। इसके बाद यह मेन डलहौजी-बनीखेत रोड के साथ-साथ होते हुए बतिया मौहल्ला के सामने जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह उसी रोड पर चलते हुए दक्षिण की ओर मनकोट पर जा पहुंचती है। मनकोट से यह सीमा सड़क के साथ-साथ पूर्व दिशा में पुलिस चौकी के जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह उत्तुर-पूर्व की ओर होते हुए सड़क के साथ-साथ दुकानों के सामने से हो कर अपने प्रारम्भिक स्थान अर्थात टैगोर चौक पर जा कर समाप्त हो जाती है। इस वार्ड की महत्वपूर्ण जगह एनसीसी भवन, पूर्वानी, द्वारका गैस्ट हाउस, टीक्का लाईन्स, फ्लैग स्टॉफ हाउस, पुलिस चौकी बनीखेत, बतिया मौहल्ला, पुलिस चौकी डलहौजी छावनी, मिलिट्री इन्जीनियरिग सेवा क्वार्टर कॉलोनी तथा सेंट एण्ड्रयूज चर्च है।	-	-
			3	इस वार्ड की सीमा छावनी बोर्ड पुस्तकालय के सामने सड़क तथा पथ जंक्शन से शुरू होती है तथा यह डाकघर गुरूद्वारा रोड के साथ-साथ उत्तर दिशा में डाकघर के सामने से होते हुए सर्वेंट क्वार्टर नं. 7 के निकट सड़क तथा पथ जंक्शन पर पहुंचती है। तत्पश्चात यह सीमा मकान नं. 13 तथा क्वार्टर नं. 7 के बीच से गुजरते हुए पथ के साथ-साथ पूर्व दिशा में मकान नं. 37 के पश्चिम की ओर गली के जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात इस वार्ड की सीमा उत्तर-पश्चिम की ओर पथ के साथ-साथ मकान नं. 141 के दक्षिण की ओर गली के जंक्शन पर जा पहुंचती है तथा यहां से उत्तर-पूर्व की ओर होते हुए दुकान सं. 26 के पूर्व की ओर रोड जंक्शन पर जा पहुंचती है। इसके बाद यह दक्षिण-पूर्व दिशा में सड़क से साथ साथ दुकान सं. 19 तथा मकान नं. 113 व दुकान नं. 6 तथा छावनी बोर्ड प्राईमेंरी स्कूल के	-	-

				बीच से होते हुए इस वार्ड के प्रारम्भिक स्थान अर्थात लाइब्रेरी के निकट सड़क व पथ जंक्शन पर जा कर समाप्त हो जाती है। इस वार्ड में प्रमुख स्थल छावनी बोर्ड प्राईमेंरी स्कूल तथा मस्जिद है।		
			4	इस वार्ड की सीमा दुकान सं. 68 के उत्तर-पूर्व में सड़क तथा गली के जंक्शन से प्रारम्भ होती है तथा यह सीमा मकान नं. 60 तथा दुकान नं. 79 से होते हुए दुकान सं. 26 के पूर्व ओर सड़क तथा पथ के जंक्शन तक जाती है। तत्पश्चात यह दक्षिण-पश्चिम की ओर होते हुए मकान नं. 141 के दक्षिण की ओर गली के जंक्शन पर जा पहुंचती है। यह से यह सीमा दक्षिण-पूर्व दिशा में गली के साथ-साथ होते हुए मकान नं. 37 के पश्चिम की ओर गली के जंक्शन पर जा पहुंचती है। इसके बाद यह पश्चिम की ओर मकान नं. 13 तथा सर्वेन्ट क्वार्टर नं. 7 के बीच से होते हुए डाकघर गुरूद्वारा रोड पर जा मिलती है। यहां से यह सीमा डाकघर गुरूद्वारा रोड के साथ-साथ होते हुए वाल्मीकी मन्दिर तक जा पहुंचती है। तत्पश्चात इस वार्ड की सीमा सड़क के साथ-साथ उत्तर-पूर्व की ओर होते हुए आरामील के दक्षिण में सेना अस्पताल रोड से जा मिलती है। इसेक बाद यह दक्षिण-पूर्व की ओर होते हुए इस वार्ड के प्रारम्भिक स्थान पर जा पहुंचती है। इस वार्ड के प्रमुख स्थल आर्य समाज मन्दिर, सनातन धर्म सभा मन्दिर, छावनी बोर्ड औषधालय तथा गुरूद्वारा है।	-	-
			5	इस वार्ड की सीमा टैगोर चौक से प्रारम्भ होती है तथा उत्तर-पूर्व दिशा में सड़क के साथ-साथ होते हुए पश्चिम में सड़क तथा पथ के जंक्शन तक जाती है। इसके बाद यह छावनी बोर्ड प्राईमरी स्कूल तथा दुकान नं. 6 के बीच से नीचे की ओर चली जाती है। इसके बाद यह मकान नं. 111 के पश्चिम की ओर सड़क तथा गली के जंक्शन पर जा पहुंचती है तत्पश्चात इस वार्ड की सीमा पूर्व की ओर होते हुए गली के साथ-साथ दुकान सं. 103 तथा मकान सं. 104 को पार करते हुए दुकान सं. 103 के पूर्व की ओर गली के जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह सीमा रेखा पथ के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम की ओर होते हुए दुकान सं. 26 के पश्चिम कि ओर गली तथा सड़क के जंक्शन पर पहुंचती है। तत्पश्चात यह पूर्व दिशा की ओर मुड़ते हुए नाले के साथ-साथ सीमा स्तम्भ संख्या 90 तथा 91 के बीच छावनी बोर्ड सीमा को विभाजित करती है। यह जंक्शन सीमा स्तम्भ संख्या 90 से 95 मीटर है। तत्पश्चात यह छावनी सीमा के साथ-साथ सीमा स्तम्भ संख्या 92, 93, 94 तथा 95 से होते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर सीमा स्तम्भ संख्या 96 तक जा पहुंचती है। इसके बाद यह सीमा रेखा दक्षिण-पश्चिम की ओर छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 97, 98, 99, 100 से होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 101 से जा मिलती है। इसके बाद यह सीमा उत्तर-पश्चिम दिशा में तिब्बती मोहल्ला के मकान नं. 2 तथा 6 के बीच से होते हुए पूर्वानी के उत्तर की ओर उत्तर-पूर्व दिशा में सड़क के जंक्शन पर जा मिलती है। इसके बाद यह उत्तर-पश्चिम दिशा में पूर्वानी रोड के साथ-साथ अपने प्रारम्भिक स्थान टैगोर चौक पर जा पहुंचती है। इस वार्ड के प्रमुख स्थल छावनी बोर्ड पुस्तकालय, अपर रोहल्ला तथा गैरिसन इन्जीनियर आवास हैं।	-	-
			6	इस वार्ड सीमा सुर्खीगाला में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 82 से शुरू होती है तथा उत्तर-पूर्व दिशा में होते हुए सीमा स्तम्भ सं. 83, 84, 85 तथा 86 को पार करते हुए खतीरो के उत्तर की ओर सीमा स्तम्भ संख्या 87 तक चली जाती है। तत्पश्चात यह पूर्व की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ सं. 89 तक जा पहुंचती है इसके बाद यह सीमा	-	-

				स्तम्भ संख्या 89ए, 89बी, 89सी, 89डी तथा 89ई को पार करते हुए दक्षिण-पूर्व दिशा में सीमा स्तम्भ सं. 90 पर जा पहुंचती है। इसके बाद यह उत्तर पूर्व की ओर मुड़ जाती है तथा सीमा स्तम्भ संख्या 90 तथा 91 के बीच नाले तथा छावनी सीमा के जंक्शन पर जा पहुंचती है। यह जंक्शन सीमा स्तम्भ संख्या 90 से 95 मीटर है। यहां से यह सीमा नाले के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम दिशा में होते हुए दुकान सं. 26 के पूर्व की ओर जंक्शन पर सड़क से जा मिलती है। इसके बाद इस वार्ड की सीमा मकान नं. 60 तथा दुकान नं. 79 के बीच उत्तर की ओर होते हुए दुकान सं. 68 के उत्तर-पूर्व में सेना अस्पताल रोड तथा इस पथ के जंक्शन पर जा मिलती है तत्पश्चात इस वार्ड की सीमा बच्चो के पार्क के सामने से गुजरते हुए पश्चिम की ओर जूनियर कमीशन ऑफीसर मैस के जंक्शन पर जा पहुंचती है। यहां से यह सीमा सुर्खीगाला शॉर्टकट के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में सेना इन्जीनियरिग क्वार्टर सं. 43 तथा 46 के शॉर्टकट पर चलकर सीमा स्तम्भ सं. 82 पर जा पहुंचती है। इस वार्ड के प्रमुख स्थल काथीरो, सेना अस्पताल, आरामील, बच्चो का पार्क, बोर मोहल्ला है।		
4.	देहरादून	8	1	वार्ड नं. 1 की सीमा प्रेम नगर बस स्टैण्ड के निकट त्यागी मार्केट रोड तथा ठाकुरपुर रोड के जंक्शन से प्रारम्भ होती है। यहां से यह सीमा ठाकुरपुर रोड के दक्षिणी ओर दक्षिणी दिशा में उस स्थान तक चली जाती है जहां कैण्ट नाला वार्ड नं. 1 तथा वार्ड नं. 3 की सीमा को छूता है। वहां से यह दक्षिण की ओर छावनी नाला शिवपुरी की समाप्ति तक चली जाती है। वहां से यह सीमा दक्षिण-पूर्व की ओर मुड़ जाती है तथा मोहनपुर समिथ नगर के शिवपुरी विंग नं. 4 के दक्षिणी किनारे के साथ-साथ उत्तरांचल विद्युत निगम कार्यालय मोहनपुर समिथ नगर के निकट त्यागी रोड में जा मिलती है। यहां से आगे यह सीमा विंग नं. 7, प्रेम नगर की बैरक नं. 9/1 तक पूर्व की ओर चली जाती है। यहां से यह सीमा बैरक नं. 9/1 के निकट विग नं. 7 को क्रोसिंग तक उत्तर की ओर चली जाती है। वहां से यह सीमा विंग नं. 7 के नामधारी गुरूद्वारे के सामने गुजरते हुए सड़क के साथ-साथ पश्चिम की ओर त्यागी रोड में जा मिलती है। वहां से यह सीमा उत्तर की ओर होते हुए त्यागी रोड के साथ-साथ ठाकुरपुर रोड तथा त्यागी रोड के जंक्शन में जा मिलती है जो वार्ड नं. 1 की सीमा का प्रारम्भिक स्थान है।	III	-
			2	वार्ड नं. 2 की सीमा प्रेम नगर बस स्टैण्ड के निकट ठाकुरपुर रोड जंक्शन तथा त्यागी रोड से प्रारम्भ होती है। यहां से वार्ड नं. 2 की सीमा पूर्व की ओर होते हुए विंग नं. 3, आर्यसमाज मन्दिर, पुलिस चौकी प्रेम नगर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 72 पर जा मिलती है इसके बाद यह सीमा रेखा अमिताभ टैक्सटाईल मिल गैस्ट हाउस स्पैशल विंग तक चली जाती है। अमिताभ टैक्सटाईल, मिल गैस्ट हाउस से यह सीमा केन्द्रीय विद्यालय, भारतीय सेना अकादमी की सीमा दक्षिण की ओर चली जाती है। वहां से यह सीमा दक्षिण की ओर होते हुए केन्द्रीय विद्यालय, भारतीय सेना अकादमी की सीमा दीवार के साथ-साथ दशमेंश विहार तक चली जाती है। वहां से यह विग नं. 7, बैरक नं.1 से 9 के साथ-साथ दून कैनाल तक उसी दिशा में चली जाती है। वहां से इस वार्ड की सीमा उत्तर-पश्चिम की ओर मुड़ जाती है तथा मकान नं. 107, विंग नं. 7 तक पश्चिम की ओर चली जाती है। वहां से यह सीमा विग नं. 6 तथा 7 को पार करने तक उत्तर की ओर चली जाती है। वहां से यह सीमा पश्चिम की ओर	-	-

				मुड़ जाती है तथा त्यागी मार्केट, टी एस्टेट रोड तक चली जाती है। वहां से इस वार्ड की सीमा ठाकुरपुर रोड तथा बस सटैण्ड प्रेमनगर जो की वार्ड नं. 2 की सीमा का प्रारम्भिक स्थान के जंक्शन के उत्तर की ओर चली जाती है।		
			3	वार्ड नं. 3 की सीमा शमशान घाट प्रेम नगर के निकट टोन ब्रिज के पश्चिमी किनारे पर स्थित छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 1-बी से शुरू होती है। वहां से यह राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 72 तथा शमशान घाट रोड के जंक्शन पर स्थित छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 1-सी तक दक्षिण की ओर चली जाती है। वहां से यह सीमा छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 1-डी तक पश्चिम की ओर जाती है। वहां से यह दक्षिण की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 1-ई तक जा पहुंचती है। वहां से यह सीमा पूर्व की ओर होते हुए लिंक रोड के साथ-साथ उत्तराँचल पावर कॉर्पोरेशन स्मिथ नगर मोहनपुर तक जा पहुंचती है। वहां से वार्ड नं. 3 की सीमा उत्तर-पश्चिम की ओर घूम कर लिंक रोड के साथ-साथ छावनी बोर्ड नाला शिवपुरी तक चली जाती है। वहां से यह सीमा उत्तर की ओर मुड़ते हुए ठाकुरपुर रोड तक चली जाती है। वहां से यह पूर्व की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 8 से होते हुए बस स्टैण्ड प्रेम नगर, राष्ट्रीय राजमार्ग 72 पर चली जाती है। वहां से यह सीमा सीआर कैम्प भारतीय सेना अकादमी के साथ-साथ पश्चिम-उत्तर की ओर होते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 7 पर जा पहुंचती है। वहां से यह सीमा उत्तर-पूर्व की ओर होते हुए भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 6, 5, 4 तथा वन अनुसंधान संस्थान स्तम्भ संख्या 3 तक चली जाती है। यहां से यह सीमा उत्तर की ओर होते हुए भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 1 तक चली जाती है तथा सीमा स्तम्भ संख्या 1 से पश्चिम की ओर मुड़ते हुए भारतीय सेना अकादमी स्तम्भ संख्या 1-ए से भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 1-बी तक चली जाती है। यह वार्ड नं. 3 की सीमा का प्रारम्भिक स्थान है।	-	-
			4	**भाग 1** वार्ड नं. 4 के भाग 1 में वन अनुसंधान संस्थान कॉम्पलैक्स स्तम्भ संख्या 1 से 137 की सीमा से लगता वन अनुसंधान संस्थान कॉम्पलैक्स, जिसकी बाउण्ड्री भारत सरकार की अधिसूचना सं. 704 दिनांक 18.05.1942 में अधिसूचित है, शामिल है। **भाग 2** वार्ड नं. 4 का भाग 2 भारतीय सेना अकादमी के सीमा स्तम्भ संख्या 3 से प्रारम्भ होता है। यहां से यह सीमा पश्चिम-उत्तर की ओर भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 4 तक चली जाती है। वहां से यह सीमा उत्तर-पूर्व की ओर होते हुए भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 5 तक चली जाती है। वहां से यह सीमा पश्चिम-उत्तर की ओर मुड़ते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 72 पर स्थित भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 6 तक चली जाती है तथा भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 7, 8, 9, 10, 11 तथा 12 तक चलती रहती है। वहां से यह सीमा उत्तर-पूर्व की ओर भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 13 से 47 तक चली जाती है। वहां से यह सीमा दक्षिण-पूर्व दिशा में भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 48, 49 तथा 50 तक चली जाती है। वहां से यह सीमा दक्षिण-पश्चिम की ओर होते हुए भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 52 तक जाती है। वहां से यह सीमा दक्षिण-पूर्व दिशा में भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 53, 54,55, 56, 57, 58, 59, 60 तथा 62 तक चली जाती है। वहां से	-	-

				यह दक्षिण-पश्चिम की ओर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 72 पर स्थित भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 66 तक जाती है वहां से यह सीमा पश्चिम का रूख करते हुए भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 67, 68, 69, 70, 71 तथा 72 तक चली जाती है। वहां से यह सीमा दक्षिण-पश्चिम दून कैनाल के साथ-साथ भारतीय सेना अकादमी सीमा स्तम्भ संख्या 2 तथा 3 तक चली जाती है। **भाग 3** वार्ड नं. 4 का भाग 3 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 72 के दक्षिणी की ओर स्थित एमटी लाईन्स मेंन गेट रायबहादुर कॉलोनी के निकट नाले से शुरू होता है तथा यह अमिताभ टैक्सटाईल मिल गैस्ट हाउस व राष्ट्रीय राजमार्ग 72 के जंक्शन तक रायबहादुर कॉलोनी प्रेम नगर बाजार के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम की ओर चली जाती है। वहां से यह सीमा केन्द्रीय विद्यालय, भारतीय सेना अकादमी तक दक्षिण की ओर चली जाती है। वहां से वार्ड नं. 4 की सीमा आगे भारतीय सेना अकादमी की दीवार तक दक्षिण दिशा की ओर जाती है वहां से वार्ड नं. 4 प्रारम्भिक स्थल अर्थात, नाला एमटी लाईन मेंन गेट पर आ पहुंचती है। भाग 1, 2 तथा 3 को मिला कर वार्ड नं. 4 बना है।		
			5	वार्ड नं. 5 की सीमा लिंक रोड तथा कोलागढ़ रोड के जंक्शन से प्रारम्भ होती है। यहां से वार्ड नं. 5 की सीमा स्तम्भ संख्या 136 तक दक्षिण-पश्चिम की ओर चली जाती है। वहां से यह स्तम्भ संख्या 135, 134, 133, 132, 131, 130-ए, 130-बी, 130 तथा 129 के साथ-साथ पश्चिम-उत्तर में चली जाती है। सीमा स्तम्भ संख्या 129 से यह सीमा उत्तर की ओर होते हुए सीमा स्तम्भ संख्या 128 से 107 तक चली जाती है। वहां से यह सीमा पश्चिम-उत्तर की ओर होते हुए स्तम्भ संख्या 103 तक चली जाती है। वहां से इस वार्ड की सीमा उत्तर की ओर होते हुए सीमा स्तम्भ संख्या 93 तक चली जाती है। वहां से यह सीमा दक्षिण-पश्चिम की ओर होते हुए टाईगर रोड तक बीरपुर रोड क्रॉसिंग तक चली जाती है। वहां से यह सीमा बीरपुर रोड से होते हुए बीरपुर तथा तपकेश्वर रोड जंक्शन जाती है। वहां से यह सीमा शेरबाग रोड के लिंक रोड तक पश्चिम की ओर चली जाती है। वहां से इस वार्ड की सीमा लिंक रोड तथा कोलागढ रोड में मिलने तक दक्षिण-पूर्व की ओर रहती है यह वार्ड नं. 5 का प्रारम्भिक स्थान है।	-	-
			6	वार्ड नं. 6 की सीमा बीरपुर रोड तथा तपकेश्वर रोड के जंक्शन से प्रारम्भ होती है। वहां से यह सीमा बीरपुर रोड के दायें किनारे के साथ-साथ उत्तर-पूर्व दिशा में टोन ब्रिज तक चली जाती है। वहां से आगे यह सीमा उसी दिशा में चलते हुए बीरपुर रोड के साथ-साथ मुख्यालय 116 इंफेन्ट्री ब्रिग्रेड के सामने गंघोरा लिंक रोड के जंक्शन तक जा पहुंचती है। वहां से यह सीमा गंघोरा रोड़ में मिलने तक उत्तर-पश्चिम की ओर चलती है। वहां से यह उत्तर की ओर होते हुए टाईगर रोड के साथ-साथ छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 81 तथा 82 के बीच छावनी सीमा रेखा से जा मिलती है। वहां से इस वार्ड की सीमा दक्षिण दिशा में छावनी सीमा के साथ-साथ छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 80 को पार करते हुए छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 27 तक चली जाती है। छावनी स्तम्भ संख्या 27 से यह सीमा दक्षिण-पूर्व की ओर गजियावाला रोड तथा बीजापुर कैनाल के जंक्शन पर बीजापुर कैनाल से जा मिलती है। वहां से यह सीमा बीजापुर कैनाल	-	-

				के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ पूर्वी दिशा में गढी में प्रथम घरत तक जा पहुंचती है। यहां से यह सीमा उत्तर-पश्चिम की ओर होते हुए बीजापुर रोड तथा शहीद मेंखबहादुर गुरंज गर्लस इण्टर कॉलेज रोड लिंक करने वाले रोड के साथ-साथ चली जाती है। इसके पश्चात यह शहीद मेंखबहादुर गुरंज छावनी इण्टर कॉलेज रोड के दक्षिणी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम दिशा में होते हुए बीरपुर रोड तथा तपकेश्वर रोड के जंक्शन पर के निकट बीरपुर रोड पर उस स्थान पर चली जाती है जहां वार्ड नं. 6 की सीमा प्रारम्भ होती है।		
			7	वार्ड नं. 7 की सीमा रिखीराम गली तथा बीजापुर कैनाल रोड के जंक्शन से प्रारम्भ होती है वहां से यह सीमा रिखीराम गली के किनारे के साथ-साथ दक्षिण दिशा में बीरपुर रोड में जा मिलती है। वहां से यह सीमा उसी दिशा में चलते हुए बीरपुर रोड के साथ-साथ छावनी परिषद कार्यालय के सामने मेजर धनसिंह थापा मार्ग (रियाद रोड) तथा मैकफर्सन रोड के जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात इस वार्ड की सीमा मैकफर्सन रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ होते हुए छावनी बोर्ड के तिकोना पार्क के निकट बूचर रोड में जा मिलती है। वहां से यह सीमा बीचर रोड के साथ-साथ उत्तर पूर्व दिशा में होते हुए बंगला नं. 17 के निकट, शेक्सपीयर रोड के जंक्शन पर जा मिलती है। वहां से इस वार्ड की सीमा शेक्सपीयर रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ न्यू छावनी रोड के जंक्शन तक चली जाती है। वहां से यह सीमा न्यू छावनी रोड के पूर्वी किनारे के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व की ओर चलते हुए बिन्दाल नदी के पुल पर जा मिलती है। वहां से यह सीमा छावनी सीमा के साथ-साथ उत्तर दिशा में छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 3, 4, 5, 6, 7, 8 से गुजरते हुए सीमा स्तम्भ संख्या 19 पर जा पहुंचती है। वहां से यह सीमा छावनी सीमा के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम दिशा में स्तम्भ संख्या 26 तक चली जाती है तथा इसके पश्चात पश्चिम स्तम्भ संख्या 27 तक चली जाती है। इसके बाद इस वार्ड की सीमा दक्षिण-पूर्व की दिशा में चलते हुए बीजापुर कैनाल व गुजिया वाला रोड के जंक्शन पर बीजापुर कैनाल से जा मिलती है। वहां से यह सीमा बीजापुर कैनाल के दक्षिण-पूर्व किनारे के साथ-साथ दक्षिण की ओर रिखिराम गली के जंक्शन पर जा मिलती है जो वार्ड नं. 7 का प्रारम्भिक बिन्दु है।	-	-
			8	वार्ड नं. 8 की सीमा बीरपुर रोड तथा तपकेश्वर रोड के जंक्शन से प्रारम्भ होती है। इस स्थान से यह सीमा तपकेश्वर रोड दक्षिण-पश्चिम की दिशा में तपकेश्वर रोड के दक्षिणी किनारे से होते हुए उसी दिशा में लिंक रोड तथा शेरबाग रोड के जंक्शन पर जा पहुंचती है। यहां से यह सीमा कोलागढ रोड के स्तम्भ संख्या 137 के उत्तरी छोर पर दक्षिण-पूर्व की ओर चली जाती है। इस स्थान से यह सीमा दक्षिण-पूर्व की ओर मुड़ते हुए नीबूवाला कैनाल रोड (हेली रोड) तक चली जाती है। वहां से यह सीमा थोडा सा दक्षिण की ओर मुड़ जाती है तथा तत्पश्चात वार्ड नं. 8 की सीमा के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व दिशा में सीमा स्तम्भ संख्या 136, 137, 138, 139, 140, 141 ,142, 143, 144, 145, 146, 147, 148, 149 से होते हुए बिन्दाल ब्रिज, चकराता रोड तक चली जाती है। इसके पश्चात यह सीमा छावनी सीमा के साथ-साथ चकराता रोड पर छावनी सीमा स्तम्भ संख्या 1 तक चली जाती है तथा बिन्दाल नदी के ब्रिज पर जा मिलती है। यहां से यह सीमा बिन्दाल नदी के मध्य में छावनी सीमा रेखा के साथ-साथ उत्तर की ओर चलते हुए न्यू छावनी रोड के हाथीबडकल ब्रिज पर जा मिलती है। यहां से यह	-	-

				सीमा न्यू छावनी रोड के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ चलती हुई राजभवन के निकट शेक्सपीयर रोड़ के जंक्शन तक चली जाती है। वहां से यह सीमा पश्चिम की ओर शेक्सपीयर रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ बंगला नं. 17 के सामने बीचर रोड के जंक्शन पर जा मिलती है। वहां से इस वार्ड की सीमा दक्षिण-पश्चिम की ओर होते हुए तथा बीचर रोड के साथ-साथ बीचर रोड तथा मैकफर्सन रोड़ के जंक्शन पर स्थित तिकोने पार्क तक चली जाती है। वहां से वार्ड की सीमा उत्तर-पश्चिम दिशा में चलते हुए मैकफर्सन रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ चलती हुई छावनी बोर्ड कार्यालय के सामने रियाद रोड तथा बीरपुर रोड के जंक्शन तक चली जाती है। वहां से यह सीमा रिखीराम गली के साथ-साथ उत्तर दिशा में बीजापुर कैनाल रोड में जा मिलती है। वहां से यह सीमा दक्षिण-पश्चिम की ओर मुड़ते हुए तथा बीजापुर रोड तथा शहीद मेंखबहादुर गुरंज छावनी, गर्लस इण्टर कॉलेज रोड को लिंक करते हुए चली जाती है। वहां से यह सीमा दक्षिण-पश्चिम दिशा में शहीद मेंखबहादुर गुरंज छावनी गर्लस ईण्टर कॉलेज रोड के दक्षिणी किनारे के साथ-साथ बीरपुर रोड तथा तपकेश्वर रोड, जो की वार्ड नं. 8 का प्रारम्भिक स्थल है के जंक्शन के निकट बीरपुर रोड पर जा पहुंचती है।		
5.	देवलाली	8	1	इस वार्ड की सीमा सेना इन्जनीयरिग सेवा, बूचरी रोड तथा वाडनेर रोड के साथ आनंद रोड तथा वाडनेर रोड के जंक्शन से प्रारम्भ होती है। तत्पश्चात यह सेना इन्जनीयरिग सेवा, बूचरी रोड की पूर्वी दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए जमाल नाले के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा जमाल नाले के दक्षिण किनारे के साथ-साथ पूर्व की ओर गोडसे माला रोड की पश्चिम दिशा के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह गोडसे माला रोड की पश्चिम दिशा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए बलवंत प्लाजा के निकट आनंद रोड के जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद यह पूर्व दिशा में आनंद रोड के दक्षिण की ओर आडके नगर क्षेत्र से गुजरते हुए सड़क के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद यह दक्षिण की ओर होते हुए सड़क की पश्चिमी दिशा के साथ-साथ आडके नगर क्षेत्र से गुजरते हुए मिठाई स्ट्रीट के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह मिठाई स्ट्रीट के उत्तरी किनारे के साथ-साथ पश्चिम दिशा में होते हुए डिवलपमैन्ट रोड अर्थात् जामा मस्जिद के निकट इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा डिवलपमैन्ट रोड के पूर्वी किनारे के साथ-साथ उत्तर दिशा की ओर होते हुए गुरूद्वारा रोड अर्थात् निकट देसाई हाउस को जोड़ने वाली रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह गुरूद्वारा रोड को तथा डिवलपमैन्ट रोड को जोडने वाली सड़क के उत्तरी दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए गुरूद्वारा रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा गुरूद्वारा रोड की पूर्वी दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए आनंद रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात इस वार्ड की सीमा पश्चिमी दिशा में आनंद रोड के उत्तरी किनारे के साथ-साथ सेना इन्जनियरिंग सेवा, बूचरी रोड तथा वाडनेर रोड अर्थात् जो इसका प्रारम्भिक बिन्दु है, के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है।	I और V	
			2	इस वार्ड की सीमा सेना इन्जनियरिंग सेवा बूचरी रोड के साथ वाडनेर रोड तथा आनंद रोड के जंक्शन से शुरू होती है इसके बाद यह वाडनेर रोड पश्चिमी दिशा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते		

				हुए छावनी फण्ड लाईब्रेरी बिल्डिंग के निकट मार्केट स्ट्रीट के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह मार्केट स्ट्रीट की दक्षिणी दिशा के साथ-साथ पूर्व की ओर होते हुए मुरलीधर लेन के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह मुरलीधर लेन की पश्चिमी दिशा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए हॉसन रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद यह सीमा हॉसन रोड की उत्तर दिशा के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर होते हुए नार्थ नाला अर्थात् शनि मन्दिर ब्रिज के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह नार्थ नाले की उत्तरी दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए टेरिटोरियल आर्मी बैटरी रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा टेरिटोरियल आर्मी बैटरी रोड की पूर्वी दिशा के साथ उत्तर-पश्चिम की ओर होते हुए टेरिटोरियल आर्मी बैटरी यूनिट के प्रवेश द्वार के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा टेरिटोरियल आर्मी बैटरी, छह एक आठ साता बैटरी के प्रतिबंधित क्षेत्र की पूर्वी ओर की सीमा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए टेरिटोरियल आर्मी बैटरी तथा छह एक आठ साता बैटरी की सीमा की दक्षिण दिशा के प्रतिबंधित क्षेत्र के जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह टेरिटोरियल आर्मी बैटरी प्रतिबंधित क्षेत्र तथा छह एक आठ साता बैटरी की दक्षिणी सीमा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए टेरिटोरियल आर्मी बैटरी तथा छह एक आठ साता बैटरी की पश्चिमी दिशा के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद यह सीमा टेरिटोरियल आर्मी बैटरी तथा छह एक आठ साता बैटरी के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए चरणवाडी रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह चरणवाडी रोड की उत्तरी दिशा के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम की ओर चलते हुए स्ट्रेट लाईन जंक्शन छावनी सीमा अर्थात स्तम्भ संख्या 28 तथा 29 के बीच जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह छावनी सीमा की उत्तरी दिशा के साथ-साथ वाडनेर रोड अर्थात स्तम्भ सं. 35 और 36 के बीच जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह वाडनेर रोड की पश्चिम दिशा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए जमाल नाले के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात इस वार्ड की सीमा जमाल नाले की दक्षिणी दिशा के साथ-साथ पूर्व की ओर होते हुए विनी पार्क सोसाईटी की पश्चिमी दिशा के कम्पाउंड वॉल के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह विनी पार्क सोसाईटी की पश्चिमी दिशा की कम्पाउंड वॉल के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए विनी पार्क सोसाइटी की उत्तरी दिशा के कम्पाउंड वॉल के जंक्शन तक पहुंचती है। इसके बाद यह विनी पार्क सोसाईटी की उत्तरी कम्पाउंड वॉल के साथ पूर्व की ओर होते हुए विनी पार्क सोसाईटी की पूर्वी कम्पाउंड वॉल के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह विनी पार्क सोसाईटी की पूर्वी कम्पाउंड वॉल के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए नवजीवन सोसाईटी की उत्तरी कम्पाउण्ड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा नवजीवन सोसाईटी के पूर्वी कम्पाउंड के साथ-साथ पूर्व की ओर होते हुए नवजीवन सोसाईटी के पूर्वी कम्पाउंड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह नवजीवन सोसाईटी के पूर्वी कम्पाउंड के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए जमाल नाले के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह जमाल नाले की उत्तरी दिशा के साथ पश्चिम की ओर चलते हुए सेना इन्जनियरिंग सेवा बूचरी रोड के		

				साथ इसके जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह सीमा सेना इन्जनियरिंग सेवा बूचरी रोड की पश्चिम दिशा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए आनंद रोड तथा वाडनेर रोड के साथ इसके जंक्शन अर्थात जहां से यह प्रारम्भ हुई थी, तक चली जाती है।		
			3	इस वार्ड की सीमा सेना इन्जनियरिंग सेवा, बूचरी रोड के साथ वाडनेर रोड तथा आनंद रोड के जंक्शन से प्रारम्भ होती है। तत्पश्चात यह आनंद रोड की दक्षिण दिशा के साथ–साथ पूर्व की ओर होते हुए गुरूद्वारा रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा गुरूद्वारा रोड की पश्चिम दिशा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए गुरुद्वारा रोड तथा डिवलपमैन्ट रोड को जोडने वाली सड़क के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह गुरूद्वारा रोड तथा डिवलपमैन्ट रोड को जोडने वाली सड़क अर्थात् देसाई हॉउस के नजदीक दक्षिण दिशा के साथ-साथ पूर्व की ओर होते हुए डिवलपमैन्ट रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह डिवलपमैन्ट रोड के पश्चिमी दिशा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए मिठाई स्ट्रीट के साथ इसके जंक्शन अर्थात् जामा मस्जिद तक चली जाती है। तत्पश्चात यह मिठाई स्ट्रीट की दक्षिण दिशा के साथ-साथ पूर्व की ओर चलते हुए आडके नगर क्षेत्र को पार करते हुए सड़क के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह आडके नगर क्षेत्र से गुजरते हुए सड़क की पूर्वी दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए आनंद रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह आनंद रोड की उत्तरी दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए बलवंत प्लाजा के निकट गोडसे माला रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह गोडसे माला रोड की पूर्वी दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए गोडसे माला रोड तथा मोर बंगला एरिया रोड के साथ इसके जंक्शन अर्थात श्री धांगर के घर के निकट जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह गोडसे माला रोड तथा मोर बंगला एरिया को जोडने वाली सड़क की दक्षिण दिशा के साथ-साथ पूर्व की ओर होते हुए मोर बंगला एरिया रोड के साथ इसके जंक्शन अर्थात् श्री एस आर गुप्ता के घर तक चली जाती है। तत्पश्चात यह मोर बंगला एरिया की पश्चिम दिशा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए आनंद रोड के साथ इसके जंक्शन तक जा पहुंचती है। इसके बाद यह सीमा आनंद रोड की दक्षिण दिशा के साथ-साथ पूर्व की ओर होते हुए लाम रोड के साथ इसके जंक्शन अर्थात संसारी नाके पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह लाम रोड की पूर्वी दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए जमाल नाले के साथ इसके जंक्शन पर चली जाती है। इसके बाद इस वार्ड की सीमा जमाल नाले की दक्षिणी दिशा के साथ-साथ पूर्व की ओर होते हुए छावनी सीमा के साथ इसके जंक्शन अर्थात् स्तम्भ सं. 44 तथा 45 के बीच तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा छावनी सीमा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए स्तम्भ सं. 46 तक चली जाती है। इसके बाद यह सीमा छावनी सीमा के साथ-साथ दक्षिण पूर्व की ओर होते हुए स्तम्भ सं. 3 अर्थात् धरना नदी के निकट / स्तम्भ सं. 1 तथा 2 से होते हुए शमशान घाट जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद यह शमशान घाट रोड की उत्तर दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए नॉर्थ नाले के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद यह दोबारा नॉर्थ नाले की उत्तर दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए रेस्ट कैम्प रोड के साथ इसके जंक्शन पर जा पहुंचती है। इसके बाद यह रैस्ट कैम्प रोड की पश्चिम		

				दिशा के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए स्टेशन मार्ग के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा स्टेशन मार्ग की उत्तर दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए कनॉट रोड अर्थात छावनी बोर्ड कार्यालय के निकट जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह कनॉट रोड की पूर्व दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होत हुए नॉर्थ नाला तथा हॉसन रोड अर्थात शनि मन्दिर ब्रिज के समीप चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा हॉसन रोड की उत्तर दिशा के साथ-साथ उत्तर-पूर्व की ओर होते हुए मुरलीधर लेन के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह सीमा मुरलीधर लेन की पूर्वी दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए मार्केट स्ट्रीट के साथ इसके जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह मार्केट स्ट्रीट की उत्तर दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए वाडनेर रोड के साथ इसके जंक्शन पर जा पहुंचती है। इसके बाद यह सीमा वाडनेर रोड की पूर्व दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए आनंद रोड तथा सेना इन्जनीयरिग सेवा बूचरी रोड के साथ इसके जंक्शन अर्थात् वार्ड प्रारम्भ होने के स्थान पर चली जाती है।		
			4	इस वार्ड की सीमा संसारी लेन नं. 2 के साथ लाम रोड तथा आनंद रोड के जंक्शन अर्थात् संसारी नाके से प्रारम्भ होती है। तत्पश्चात यह आनंद रोड की उत्तरी दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए मोर बंगला एरिया रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह मोर बंगला एरिया रोड की पूर्व दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए मोर बंगला एरिया रोड तथा गोडसे माला एरिया रोड को जोडने वाली सड़क के साथ इसके जंक्शन अर्थात श्री एम आर गुप्ता के घर के निकट तक चली जाती है। तत्पश्चात यह मोर बंगला एरिया रोड तथा गोडसे माला एरिया रोड को जोडने वाली सड़क की उत्तर दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर श्री धांगर के घर के निकट चली जाती है। तत्पश्चात यह गोडसे माला रोड की पूर्व दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए जमाल नाले के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद इस वार्ड की सीमा जमाल नाले की उत्तर दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए नवजीवन सोसाईटी की पूर्वी दिशा के कम्पाउण्ड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद यह सीमा नवजीवन सोसाईटी के पूर्वी कम्पाउण्ड के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए नवजीवन सोसाईटी के उत्तरी कम्पाउण्ड के साथ इसके जंक्शन पर जा पहुंचती है। तत्पश्चात यह नवजीवन सोसाईटी के उत्तरी कम्पाउण्ड के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए विनी पार्क सोसाईटी की पूर्वी कम्पाउंड वॉल के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद यह सीमा विनी पार्क सोसाईटी की पूर्वी कम्पाउणड वॉल के साथ-साथ उत्तर की ओर होते हुए विनी पार्क सोसाईटी की उत्तरी कम्पाउण्ड वॉल के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। इसके बाद यह सीमा विनी पार्क सोसाईटी की उत्तरी कम्पाउण्ड वॉल के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए विनी पार्क सोसाईटी की पश्चिमी कम्पाउण्ड वॉल के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह विनी पार्क सोसाईटी की पश्चिमी कम्पाउण्ड वॉल के साथ-साथ दक्षिण की ओर होते हुए जमाल नाले के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह जमाल नाले की उत्तर दिशा के साथ-साथ पश्चिम की ओर होते हुए तोपखाना केन्द्र रोड के साथ इसके जंक्शन तक चली जाती है। तत्पश्चात यह तोपखाना केन्द्र रोड की पूर्व दिशा के साथ-साथ उत्तर की ओर होते		

